हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026

06 बेहतर बीज से बेहतर उपज ही किसान समृद्धि का...


09 कूनो के जंगल में मंगल, 'आशा' ने दिया पांच शावकों...




## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम चौराहा के सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन आज

**सागर।** नगर के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सिविल लाइन स्थित प्रमुख चौराहे का नामकरण अब भगवान परशुराम चौराहा के रूप में किया गया है, जिसके सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार, 8 फरवरी को प्रातः 12 बजे आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम महापौर संगीता सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस विकास कार्य का उद्देश्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाना है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था से जुड़े स्थलों को व्यवस्थित रूप से विकसित कर उन्हें नई पहचान देना भी है। चौराहे के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की भौतिक संरचना में सुधार होगा, यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित बनेगी तथा नागरिकों को आकर्षक और स्वच्छ सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। यह पहल शहर के समग्र शहरी विकास और सौंदर्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### हिन्दू सम्मेलन का होगा आयोजन

**खुरई।** नगर में सकल हिन्दू समाज समिति, खुरई के तत्वावधान में एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा एवं चेतना का संचार करना, साथ ही सनातन संस्कृति, सनातन धर्म, सामाजिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द को सशक्त रूप से आगे बढ़ाना है। यह हिन्दू सम्मेलन समाज को एक सूत्र में बाँधने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक होगा। आयोजन को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु समस्त मातृशक्ति, भाई-बहनों एवं नगरवासियों से विनम्र आग्रह किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन आरम्भ

**सागर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन शुरू हो चुक हैं, किसान 7 मार्च 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा।
वेरिफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जा सकेगा। किसानों को एसएमएस कर जानकारी भी दी जाएगी।

### दिव्यांगों के प्रमाण पत्र के लिए आयोजित किए जाएं शिविर

**सागर।** दिव्यांगों की सुविधा के लिए उनके प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्कूल कॉलेज सहित जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में कैंपों का आयोजन किया जावे जिससे उनके दिव्यांगों की प्रमाण पत्र आसानी से बनाया जा सके । उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

#### बजट से देश की उच्च विकास दर को स्थिर बनाए रखने का कार्य किया है: मंत्री प्रहलाद पटेल

## बजट 2026 विकसित भारत बनाने व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत कदम: केंद्रीय राज्य मंत्री उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, मौजूदा बजट विकसित भारत बनाए जाने व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा, उक्त विचार केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बजट 2026 के विषय मे पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए रखे ।उन्होंने कहा कि 2014 के पहले के बजट में राष्ट्रीय चेतना और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए चिंतन मनन नहीं रहता था। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्र की सुरक्षा और प्रतिष्ठा के लिए अर्थ नीतियां नहीं थीं। परंतु अब बजट मे इन सभी विषयों मे जनहित का ध्यान रखा जाता है।

पूर्ववर्ती सरकारों के बजट में 80% खर्च नगरीय विकास में होता था, जिससे ग्रामीण विकास की गति काफ़ी धीमी रही । 80% जनता बुरे हाल में रहती थी, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संवेदनाओं की यात्रा शुरू हुई और नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण विकास की एक नई इबारत लिखी गई। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विविध प्रावधान किए गए। उन्होंने बजट के संरचना की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें समाज के विविध वर्गों गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के कल्याण की संरचना लिखी गई है।




पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजट 2026 मे विश्व के कई देशो मे चल रही अस्थिरता के बाद भी भारत की विकास दर को स्थिर बनाए रखने का काम किया गया है। बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और आजीविका मिशन पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 16 वें वित्त आयोग के तहत मध्यप्रदेश मे ग्रामीण विकास के लिए 41% बजट रखा गया है, जो पिछले साल 4394 करोड़ था, इस साल 6172 करोड़ हो गया है। यदि बेहतर कार्य करेंगे तो आने वाले सालों में 8000 करोड़ तक पहुंचेगा । इसका उपयोग अधो संरचना के साथ ही जल संसाधन, पेयजल, स्वच्छता और वाटर रीसोर्सिंग के लिए भी विशेष रूप से किया जाएगा। पत्रकार वार्ता मे विधायक शैलेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर मंच पर उपस्थित रहे। संचालन जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानी ने किया ।




## पुलिस ने पकड़ा 8 लाख की कीमत का 43 किलो गांजा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सागर।** सागर जिले के बंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी दलपतपुर से बोलेरो वाहन से 43 किलोग्राम गांजा जप्त कर आरोपियो पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को सूचना मिली कि ग्राम दलपतपुर में कोमल सिंह लोधी एवं उसका पुत्र अनिल लोधी अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करते हैं तथा उक्त दिन सफेद रंग की बोलेरो वाहन से गांजा बेचने जाने की तैयारी में हैं। दबिश के दौरान आरोपियों के निवास स्थान एवं सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो कार क्रमांक एमपी-15-जेडबी-9352 की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें कुल 43.660 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (कीमत लगभग 08 लाख रुपये) बरामद किया गया। साथ ही चार खाकी रंग के उपयोग में लाए गए टेप, कैंची, लोहे का तराजू, 50 ग्राम एवं 200 ग्राम के बाट भी जप्त किए गए। गांजा परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) को भी जप्त किया गया। पुलिस ने कोमल सिंह लोधी, पिता बल्देव लोधी, उम्र 40 वर्ष अनिल लोधी, पिता कोमल सिंह लोधी, उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01, दलपतपुर, थाना बंडा को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।




### ऑटो में लटककर सफर कर रहे लोग: ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं: तहसील की 4 सड़कों के हाल

**खुरई।** मालथौन और बांदरी तहसील मुख्यालयों से कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री बिठाए जा रहे हैं। छोटे वाहन, ऑटो और लोडिंग वाहन सड़कों पर ओवरलोड होकर दौड़ रहे हैं। तीनों तहसीलों की सड़कों पर ऐसे कई दृश्यों को कैमरे में कैद किया है, जहां यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। शहर में केवल सवारी वाहनों में ही नहीं, बल्कि लोडिंग वाहनों में भी यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। लोग वाहनों के पीछे लटककर या छत पर बैठकर यात्रा करने को मजबूर हैं। इनमें छोटा हाथी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और पिकअप वाहन शामिल हैं। इस तरह की ओवरलोडिंग से किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद, जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने-जाने वाले लोगों को अक्सर वाहनों की कमी का सामना करना पड़ता है। सवारी वाहनों की अपर्याप्त संख्या के कारण, लोग लोडिंग वाहनों में भी ओवरलोड होकर यात्रा करने को विवश हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की जेल, खुरई कोर्ट ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर उसके साथ बार-बार रेप करने वाले आरोपी को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश संध्या श्रीवास्तव की कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, दोषी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।



### जान से मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

शासकीयलोक अभियोजक बलवीर सिंह ने बताया कि यह मामला खुरई शहरी थाना क्षेत्र का है। 24 वर्षीय आरोपी अजय उर्फ छोटू कुशवाहा ने 2 मार्च 2024 को 16 साल की छात्रा को अपने जाल में फंसाया और उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी ने छात्रा को डराया कि यदि उसने किसी को कुछ बताया, तो वह उसे जान से मार देगा। इसी डर का फायदा उठाकर आरोपी लगातार छात्रा का शोषण करता रहा।

### छात्रा को भगा ले गया था आरोपी

27 मई 2024 को आरोपी छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। इसके बाद परिजनों की शिकायत पर शहरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### साक्ष्यों के आधार पर मिली सजा

पुलिस ने जांच के दौरान पर्याप्त तकनीकी और भौतिक साक्ष्य जुटाए, जिससे आरोपी का जुर्म साबित हुआ। कोर्ट ने मामले की गंभीरता और पीड़िता की उम्र को देखते हुए आरोपी अजय उर्फ छोटू कुशवाहा को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (एन) के तहत दोषी करार दिया और 20 साल की सजा सुनाई। शाम को फैसले की प्रति मिलने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।



### केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री उईके का स्वागत किया

**सागर।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच सागर द्वारा केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके का मोतीनगर थाना चौराहे पर उनका फूल माला और आतिशबाजी से स्वागत किया गया एवं कर्मचारियों की समस्याओं पुरानी पेंशन बहाली, आठवां वेतनमान, कर्मचारी पदोन्नति संबंधी कर्मचारी समस्याओं का ज्ञापन दिया। उनके स्वागत कार्यक्रम में वन विभाग की साथी समाजसेवी गोंडवाना पार्टी आदि लोगों ने उनका स्वागत किया। भूपत मरकाम पूर्व रेंजर अधिकारी, बलराम पाराशर, राजू यादव प्रान्तीय महामंत्री कर्मचारी संघ, बद्री भारद्वाज, नरेंद्र कटारी, राजू घोसी आदि अनेकों साथी कार्यक्रम में स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।

## मालथौन में पटवारी पर हमला करने वाले को जेल कोर्ट ने पांच अलग-अलग धाराओं में दोषी ठहराया

**खुरई।** मालथौन थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ साल पहले ड्यूटी के दौरान पटवारी पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश शोएब खान की कोर्ट ने आरोपी को सभी पांच धाराओं में दोषी पाते हुए जेल भेजने का आदेश दिया। यह मामला 16 अगस्त का है, जब पटवारी हेमंत पवैया लौगर गांव में राजस्व महाअभियान के तहत सरकारी काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही राजकुमार अहिरवार (37) ने पीछे से उन पर कुल्हाड़ी और पत्थरों से हमला कर दिया था। इस हमले में हेमंत पवैया को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें पहले मालथौन और फिर सागर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी की बहन ने अपनी पट्टे की जमीन जिला प्रशासन की अनुमति से बेच दी थी। राजकुमार इस जमीन की बिक्री के खिलाफ था। उसे शक था कि पटवारी हेमंत पवैया ने उसकी बहन की जमीन बिकवाने में मदद की है। इसी खुन्नस के चलते उसने सरकारी कर्मचारी पर जानलेवा हमला करने की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। शासकीय वकील बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि अदालत ने सबूतों और गवाहों के आधार पर आरोपी राजकुमार अहिरवार को दोषी माना है। कोर्ट ने उसे धारा 121 (1) के तहत 4 साल की जेल और 5 हजार रुपये जुर्माना, धारा 324(6) के तहत 2 साल की सजा, और सरकारी काम में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में सजा सुनाई है। आरोपी को कुल पांच अलग-अलग धाराओं में दंडित किया गया है।

### एशिया अफ्रीका पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर चैंपियन आयुषी अग्रवाल ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर द्वारा संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री आयुषी अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर ने विधिवत पिट्ठू, खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये शुभाशीष दिया। संस्था की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कि कहा मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार भारतीय प्राचीन खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालयों में पिट्ठू मलखंभ जैसे परंपरागत खेल प्रारंभ किए गए है उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुये खेल की शुचिता का ध्यान रखें एवं आपने शुभकामनाएं देते हुए छात्र -छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की । प्रतियोगिता में सागर जिला की टीम विजेता एवं दमोह जिला की टीम उपविजेता रही, महिला वर्ग में सागर जिला की टीम विजेता एवं दमोह जिला की टीम उपविजेता रही। छात्र वर्ग में प्रद्युम दुबे, शनि राजपूत, प्रेमलाल अहिरवार का प्रदर्शन सराहनीय रहा । छात्रा वर्ग में ऋषिका यादव आरती कुर्मी का प्रदर्शन सराहनीय रहा ।प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह से क्रीड़ा अधिकारी डॉ. साधु सिंह, डॉ प्रिया थापा, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, डॉ. अभिषेक गोयल , डॉ अनामिका पाठक ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विशेष योगदान दिया प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. जय कुमार सोनी प्राध्यापक, डॉ. शुचिता अग्रवाल ने सभी विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## पड़ोसियों से परेशान परिवार ने पुलिस से लगाई गुहार: गालियां देकर थूकते हैं

**खुरई।** पीएम आवास कॉलोनी में एक परिवार अपने पड़ोसियों से परेशान होकर पुलिस के पास पहुंचा है। पीड़ित परिवार ने शहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। संजय अहिरवार (29) ने बताया कि वे पिछले कुछ समय से अपने घर के सामने रहने वाले विजय सोनी के परिवार से परेशान हैं। संजय के अनुसार, जब भी वे घर से बाहर निकलते हैं, तो विजय सोनी के परिवार के सदस्य उन्हें गंदी गालियां देते हैं और सामने थूकते हैं। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके अलावा, विजय सोनी का परिवार एक पुराने मामले में राजीनामा करने के लिए उन पर लगातार दबाव बना रहा है। संजय अहिरवार ने बताया कि यदि वे कुछ कहते हैं, तो उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जाती है। इस उत्पीड़न के कारण उनका पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा दी है।

#### राहतगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों को दी 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में बनी विशिष्ट छवि: मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विकासखंड राहतगढ़ के ग्राम उमरिया सेमरा, चंदनहारी, हिनौतियाकलां, मानकीसलैया में 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में विशिष्ट छवि बनी है और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी के समग्र सशक्तिकरण में जुटी है। हमारी सरकार ने विकास को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का काम किया है। यह सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी इन चारों स्तंभों के समग्र सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता मानकर आगे बढ़ रही है।

सरकार ने हर गरीब के सिर पर छत, हर घर में बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाने का संकल्प लिया। जनधन, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने गरीब के जीवन में सुरक्षा और सम्मान दोनों जोड़े हैं।




किसानों के लिए सरकार ने सिर्फ राहत नहीं, बल्कि भविष्य की राह खोली है। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाएँ और आधुनिक कृषि तकनीक ने किसान को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। आज किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ बन रहा है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि युवाओं देश की सबसे बड़ी ताकत जिनके लिए सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों से युवाओं को जोड़कर रोजगार माँगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनाया है। सरकार का विश्वास है कि जब युवा सशक्त होगा, तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। मंत्री श्री राजपूत ने 5.20 लाख़ की लागत से बनने वाले मार्ग की घोषणा करते हुए कहा कि इससे लालबाग, उमरिया सेमरा, सागौनीखुर्द, कोरजा, टेहरा-टेहरी, कालीपठार, सेनकुआं, महुआखेड़ागौंड़ी, सहित लगभग 20 से अधिक ग्रामों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ मंत्री श्री राजपूत ने ग्राम उमरियासेमरा, चंदनहारी, हिनौतियाकलां तथा मानकीसलैया में मंगलभवन, सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, सामुदायिक भवन, रविदास मंदिर चबूतरा, शासकीय प्राथमिक शाला में सुधार कार्य सहित 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर नालियों से सीएन्डडी वेस्ट मलवा हटवाया

**सागर।** एमएलबी स्कूल के आसपास नालियों में जमा सीएन्डडी वेस्ट मलवा निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर हटवाया। उन्होंने उपस्थित सफाईकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की नालियों में जरा सा भी सीएन्डडी वेस्ट पड़ा न रहे इससे कचरा छिड़ता है और नालियाँ चोक होकर गंदगी सड़कों पर बहती है। पूरी सजगता के साथ नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की नालियों में पत्थर, मिट्टी, रेत, गिट्टी, ईट सहित भवन निर्माण सामग्री या मकान निर्माण टूटने से निकला मलवा पहुंचने से पहले ही रोकें। उन्होंने कहा की निर्माण कार्य शासकीय अशासकीय कैसा भी हो सीएन्डडी वेस्ट सड़क किनारे न पड़ा रहे। निर्माण या विधवंस कर्ताओं और नागरिकों से सामंजस्य स्थापित करें उन्हें सी एन्ड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की जानकारी और नंबर उपलब्ध करायें। भवन निर्माण या किसी भी प्रकार की टूटफूट में निकली अनुपयोगी सामग्री मलवा आदि तत्काल उठवाकर सी एन्ड डी वेस्ट प्लांट पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की खुले में यहां वहां पड़ा सी एन्ड डी वेस्ट मलवा आदि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को प्रभावित करता है। सड़क किनारे डाला गया मलवा या निर्माण समाग्री धीरे धीरे नालियों में पहुंच जाती है साथ ही उसके अंश उड़कर हवा में घुलते हैं। इस प्रक्रिया को रोकना हम सभी का प्रयास होना चाहिए। सभी नागरिक व निर्माण विधवंस करने वाले हरी नेट लगाकर ही काम करें ताकि धूल मिट्टी की मात्रा को हवा में घुलने से रोका जा सके कम किया जा सके। जो भी व्यक्ति सड़क पर या इसके किनारे निर्धारित समय से ज्यादा मलवा या निर्माण सामग्री डालकर रखे उन पर चालानी कार्यवाही करें।

### कृषि व संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक में दिए गए किसान उन्नति के निर्देश

# बेहतर बीज से बेहतर उपज ही किसान समृद्धि का मूल मंत्रः कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

गुणवत्तापूर्ण उत्तम बीज ही किसान की मेहनत को सफल कर असली पहचान देता है। क्योंकि फसल का बीज़ ही किसान की सफलता की पहली सीढ़ी है। बेहतर बीज से बेहतर उपज होना किसान समृद्धि का मूल मंत्र है। खेती की कामयाबी का असल राज उत्तम बीज में ही छिपा है इसलिये किसानों को प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण बीज ही उपलब्ध कराया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कृषि व कृषि से संबंधित विभागों की आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। साथ ही कहा कि किसानो को कृषि में नवाचार एवं नवीन तकनीकों का मेला व विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भ्रमण कराया जाये।

कलेक्टर श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों की आयोजित समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे परम्परागत कृषि विकास योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल, स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना, मिलेट मिशन, आत्मा योजना, कृषि सिंचाई यंत्र, कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित योजना जैसे कस्टम हायरिंग, कृषि यंत्र वितरण आदि के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के विरूद्ध प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने विभाग की परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग में कार्य कर रही निजी संस्था पतंजलि, सिहोरा पॉटरी एंड मिनट कृषि प्रोड्यूसर कम्पनी जबलपुर को उनके चयनित किसानों से संबंधित गतिविधियों पंजीयन, प्रशिक्षण, प्रमाणीकरण



हेतु निरंतर बैठक आयोजन एवं क्षेत्रीय भ्रमण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में बीज उत्पादक निजी व सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तायुक्त बीज का उत्पादन किया जाये तथा अमानक या निम्न गुणवत्तायुक्त बीज का उत्पादन करने पर बीज अधिनियम 1966 एवं अन्य प्रावधानों के तहत संबंधित संस्था के विरुद्ध एफआईआर जैसी कठोर कार्यवाही प्राथमिकता से की जाये। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि योजना में चयनित कृषकों को राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर कृषि में नवाचार एवं नवीन तकनीकों का मेला एवं विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भ्रमण कराया जाये। जिले में संचालित एफपीओ की गतिविधियों की सतत निगरानी की जाए।

### पशुपालन विभाग को दिए योजनाओं को सफल बनाने के निर्देश

इसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशुधन में नस्ल सुधार को बढ़ावा देना, चारा विकास योजना अंतर्गत योजना के दिशा-निर्देशों के तहत पात्र हितग्राही का चयन कर जिले में चारा विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिससे दुधारू नस्ल के पशुओं को सतत रूप से सायलेज व हरा-चारा उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विभिन्न घटकों जैसे बीज, आईएनएम, आईपीएम, कृषि सिंचाई यंत्र आदि में प्रगति अल्प अथवा निरंक होने पर कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें फूलों की खेती का विस्तार एवं सब्जी की खेती का विस्तार, मसाला फसलों के क्षेत्र का विस्तार, पॉली हाउस, नेट हाउस आदि के माध्यम से संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिये गये।

### मत्स्य विभाग की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

इसके बाद मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें योजनाओं में भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यो की पूर्ति हेतु निर्देश दिये गये। बैठक के अंत प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के उद्देश्यो की पूर्ति के लिये जिला कार्ययोजना में चयनित विभिन्न विभागीय योजनाओं के आउटपुट एवं आउटकम इंडिकेटर की जानकारी माह के प्रथम सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे योजना में प्रगति संबंधित जानकारी समयसीमा मे भरी जा सके। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक पशुपालन, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक नाबार्ड, सहायक संचालक उद्यानिकी व मत्स्य विभाग, एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिवरात्रि पर्व को लेकर एसपी ने ली बैठक



**टीकमगढ़।** आगामी शिवरात्रि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 07 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुण्डेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रूट डायवर्जन, सुरक्षा के संवेदनशील बिंदुओं का चिन्हांकन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, स्नान कुंड, मंदिर प्रांगण एवं मेला प्रांगण की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूर्व से ही सुदृढ़ सुरक्षा योजना एवं प्रभावी ट्रैफिक योजना लागू की जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन की पवित्रता, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात की सुचारु व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।


### यूपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया 5 हजार का फरारी इनामी हत्यारोपी




**पलेरा।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा जिला में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि फरारी इनामी बदमाशों, फरार आरोपीयो की शीघ्रता से धरपकड की जाये। जिसके लिये विशेष अभियान भी चलाये जा रहे है। जिसके तहत पलेरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जिसमें हत्या के आरोप में फरार 5 हजार रूपये के इनामी आरोपी को झाँसी से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा पुलिस ने जिस आरोपी विक्रम यादव को झाँसी से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा घोषित 5 हजार रूपये के इनामी व फरार आरोपी विक्रम यादव पिता रामकिशन यादव निवासी ग्राम जवाहरपुरा थाना पलेरा को थाना पलेरा पुलिस द्वारा झांसी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। आरोपी विक्रम यादव से घटना मे प्रयुक्त आलाजर्व एवं ट्रेक्टर बरामद कर न्यायालय मे पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना पलेरा निरीक्षक मनोज सोनी, उपनिरिक्षक मयंक नगायच साईवर सैल टीकमगढ, उपनिरीक्षक संतोष सिंह गौंड, प्रधान आरक्षक मनमोहन रैदास, बालकिशन श्रीवास, रहमान साईवर सैल, आरक्षक ललित आद का रहा योगदान।

शहर की सुरक्षा एवं दुर्घटना नियंत्रण पर एसपी मंडलोई का विशेष फोकस

## सीसीटीवी कंट्रोल रूम से की जाये 24 घंटे सतत निगरानीः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की सुरक्षा एवं दुर्घटना नियंत्रण पर विशेष फोकस करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा गत दिवस सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी सिस्टम, मॉनिटरिंग व्यवस्था एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सीसीटीवी कैमरों की कंट्रोल यूनिट का अवलोकन करते हुए लाइव मॉनिटरिंग की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था, प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिस बल की स्थिति, वाहनों की आवाजाही एवं भीड़ की गतिविधियों पर विशेष रूप से निगरानी की गई। साथ ही शहर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम से 24 घंटे सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी स्थिति, संदिग्ध गतिविधि अथवा सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाना एवं फील्ड स्टाफ को तत्काल सूचित कर त्वरित कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कंट्रोल रूम के सिस्टम को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि लाइव मॉनिटरिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सशक्त किया जाए, ताकि नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर सीसीटीवी कंट्रोल प्रभारी उप निरीक्षक रेडियो प्रफुल्ल मिश्र, सहायक उप निरीक्षक रेडियो अखलेश पौराणिक, सहायक उप निरीक्षक रेडियो अमित सांघी, सहायक उप निरीक्षक रेडियो कौशल सोनी सहित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## दमोह पटवारी व अमित इलेविन के बीच सोमवार को होगा खिताबी मुकाबला

बड़ागांव धसान महोत्सव तृतीय वर्ष के सातवां दिन हुए मैच में ही तस्वीर साफ

**बड़ागांव धसान।** नगर के स्थानीय वार्ड नंबर 1 मिथिला खेरा स्टेडियम में 7 फरवरी को बड़ागांव महोत्सव के सातवें दिन का शुभारंभ महोत्सव के मुख्य अतिथी के रूप में मनीष गुप्ता गल्ला व्यापारी ने क्रिकेट ग्राउंड पर खिलाड़ियों से हाँथ मिलाकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनरेश राजपूत, रमेश पांडेय एवब गगन फणींद्र पार्षद उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के अंतर्गत आज दो मैच खेले गए। टूर्नामेंट के 7वें दिन का पहला मैच अमित इलेविन और मड़ावरा के मध्य खेला गया, जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए मडावरा टीम ने 104 रन बनाये। जिसके जवाब में अमित इलेविन टीम ने 5 विकेट खोकर 11 ओवर में ही 105 रन बनाकर अपना लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की। दूसरा मैच दमोह पटवारी और पृथ्वीपुर टीम के मध्य खेला गया। दमोह पटवारी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फेसला लिया। जिसमें दमोह पटवारी टीम ने 159 रनों का लक्ष्य पृथ्वीपुर टीम को दिया। जिसके जवाब में मैदान में उतरी पृथ्वीपुर टीम मात्र 88 रन ही बना सकी। जिसकी बजह से उसे हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, नगर परिषद बड़ागांव अध्यक्ष भारती प्रजापति एबं सीएमओ मौजूद रही। आयोजन कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया कि कल रविवार का पहला मैच दमोह व पृथ्वीपुर और दूसरा मैच अमित इलेविन व मड़ावरा के मध्य खेला जाएगा, जो भी टीम इसमें से जीत हासिल करतीं हैं वहीं टीम फ़ाइनल में जगह बनाएंगी। यह टूर्नामेंट 30 जनवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के अंतर्गत कई बच्चों की स्कूल स्तर पर कई प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अज़ीज़ खान, गगन फणींद्र, फते विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

वन विभाग के मुस्तैद शिशुपाल ने की पूछा व वस्तगुवा जंगल में की कार्रवाई

## अतिक्रमणमुक्त कराई भूमि पर पुनः कब्जा करने वालो पर रेंजर का वार





**टीकमगढ़।** वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर वन माफियाओ व अतिक्रमणकारियों से लगातार मुक्त कराने की बजह से वन विभाग में मुस्तैद सिँह नाम से मशहूर हो चुके जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने लगातार दूसरे दिन भी कार्यवाही जारी रखते हुए वन भूमि को अतिक्रमणकारियों व वन माफियाओ से मुक्त कराई। साथ ही अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए पाए गये वाहन की जप्ती की कार्यवाही की गई।

जिले के वन परिक्षेत्र जतारा अंतर्गत पूछा और वस्तगुवा के जंगल अंतर्गत बीट मगरई क्रमांक 02 के कक्ष क्रमांक पी 318 बी में पूर्व में वर्षों से व्याप्त अतिक्रमण को वर्ष 2023 में अतिक्रमण बेदखली कर मुक्त कराया गया था। साथ ही उसमें चारों तरफ से सीपीटी एवं गहरी खाईयां एवं गड्ढे खोदकर वर्ष 2024-25 में चारों तरफ बारबेड तार लगाकर घेराव कार्य किया गया था। इसके अलावा वन भूमि को सुरक्षित करने के लिये लगभग 12 हजार पौधे रोपित किये गये थे। लेकिन उक्त वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अतिक्रमण करने के उद्देश्य से बारबेड चोरी किये जाने की शिकायतों के साथ साथ अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र में उत्खनन एवं परिवहन किये जाने की शिकायतें रेंजर शिशुपाल को मिली। उक्त शिकायत मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार के द्वारा बाकायदा लिखित पत्र जारी कर 6 फ़रवरी को संपूर्ण वन स्टॉफ को मौके पर जाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये। उक्त लिखित आदेश के परिपालन में 7 फ़रवरी की सुबह वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण वन अमला पूछा के जंगल अंतर्गत जैसे ही बीट मगरई क्रमांक 02 के कक्ष क्रमांक पी 318 बी में पहुंचा। तो देखा गया कि जंगल में बहने वाले पूछा नाला में एक लाल रंग के डीआई 265 महिंद्रा ट्रैक्टर एवं कुछ लोग मौजूद है जो जंगल में बहने वाले नाले से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर की ट्रॉली में लोड कर रहे थे। जैसे ही उक्त ट्रैक्टर के पास वन अमला पहुंचा और उनके पास पहुंचकर जैसे ही पूछताछ करने का प्रयास किया गया तो मौके पर उपस्थित मजदूर और ड्राइवर भाग गए। जिसके पश्चात वनक्षेत्र में अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन के अपराध के तहत ट्रैक्टर मय ट्रॉली के जप्ती की गई। ट्राली में रेत भरी हुई थी। साथ ही आरोपियों के बिरुद्ध नामजद वन अपराध अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा लाकर जप्त वाहन को राजसात की कार्यवाही करने के लिये अग्रिम विवेचना में लिया गया।

### प्रेसवार्ता में दमोह सांसद ने बताई केंद्रीय बजट की खूबियां और आगामी उद्देश्य

# केंद्रीय बजट में अनेक सौगातों के साथ भारत का स्वर्णिम विकास निहितः राहुल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर दमोह सांसद राहुल सिँह लोधी ने सर्किट हॉउस में आयोजित प्रेसवार्ता में बजट की खूबियां और बजट के माध्यम से साधे जा रहे आगामी उद्देश्यों से भी परिचित कराया। दमोह सांसद राहुल सिँह ने पत्रकारों से कहा कि केंद्रीय बजट देश के लिये प्रगतिशील, दूरगामी, प्रभावकारी, सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी है। उन्होंने केंद्रीय बजट को 2047 तक भारत के स्वर्णिम विकास का आधार भी बताया। उक्त प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत , पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी सहित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी व स्वप्निल तिवारी उपस्थित रहे। तथा बजट कार्यक्रम संयोजक आशुतोष भट्ट एबं मनोज देवलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।






### नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं व भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट

स्थानीय सर्किट रेस्ट हाउस में केंद्रीय बजट 2026 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्तव्य देते हुए मुख्य वक्ता के रूप में दमोह सांसद राहुल सिँह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026- 27 देश की जनता के लिए अनेक सौगातें लेकर आया है जिसमें 2047 तक का भारत का स्वर्णिम विकास निहित है। यह बजट देश के हर नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा ,महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार 9 वीं बार संसद में बजट पेश किया गया, यह अपने आप में गौरव का पल है। दमोह सांसद राहुल सिँह ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार में महिलाओं को सशक्तिकरण में केवल लाभार्थी नहीं बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन कहा गया। हमारी सरकार की पहचान रही है रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। इस रिफॉर्म एक्सप्रेस का सबसे मजबूत इंजन नारी शक्ति ही है, इसलिये यह बजट नारी शक्ति को मजबूत बनाता है। इस बजट में महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रस्ताव है। इसमें 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। हेल्थ केयर सिस्टम की मजबूती के लिए आगामी 5 सालों में एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ा जाएगा।

### मध्यम वर्ग, युवाओं के कौशल विकास व रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर

सांसद राहुल सिँह ने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार ने स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए दबाव पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है, कैंसर की 17 जीवन रक्षक दबाव पर सीमा शुल्क हटा दिया गया है। बायो फार्मा और आयुष केंद्रों के लिए 10 हजार करोड़ का फंड आवंटित किया है। यह बजट मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देती है। युवाओं की कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर है, शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थाई समिति का गठन और 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एबीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। एक उच्चाधिकार प्राप्त स्थायी समिति बनाई जाएगी जिसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत की वैश्विक हिस्सेदारी हासिल कर देश को अग्रणी बनाना है। कृषि के साथ अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने के लिए बजट में भारत विस्तार नामक बहुभाषीय एआई तोल के माध्यम से कृषि प्रणालियों को तकनीक से जोड़ा जाएगा। रेशम, ऊन और जूट जैसी प्लास्टिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय फाइबर योजना शुरू करने की घोषणा की है। पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना शुरू किए जाने का प्रावधान किया गया है। 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों को एकीकृत कर मछली पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने का निर्णय ऐतिहासिक लिया गया। देश भर में भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए 30 रासायनिक पार्कों का निर्माण होना है, यह भारत को वैश्विक केमिकल वैल्यू चैन का सशक्तिकरण बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। शहरीकरण में योजनाबद्ध उत्पादक और रोजगार केंद्रित विकास मॉडल की ओर ले जाना है। रक्षा एवं विमानन क्षेत्र के लिए मूलभूत सीमा शुल्क में छूट दी गई है। ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए कुरियर के माध्यम से निर्यात की 10 लाख रुपए की सीमा को समाप्त कर दिया गया है जो छोटे उद्यमियों और कारीगरों के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खोलेगा।

### राजनैतिक चश्मे से नहीं बल्कि बजट को देखें राष्ट्रनिर्माण दृष्टिकोण सेः सरोज राजपूत

भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने भी मुख्य वक्ता के रूप में प्रेसवार्ता में कहा कि इस केंद्रीय बजट को राजनीति के चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से देखें। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। एक सशक्त भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के एक अवसर के रूप में स्वीकार करें और इसकी राष्ट्र निर्माण की भावना को जन जन तक पहुंचाएं। क्योंकि ज़ब सरकार और जनता साथ चलते है तभी विकास संभव होता है।

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने दी श्योपुर पहुंचकर बधाई

# कूनो के जंगल में मंगल, 'आशा' ने दिया पांच शावकों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से शनिवार को एक बार फिर खुशखबरी तब आई जब मादा चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया। जंगल में हुए इस मंगल की शुभकामना जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने श्योपुर पहुंचकर दी। वह शनिवार को केंद्रीय बजट को लेकर प्रेसवार्ता करने श्योपुर पहुंचे थे।

केंद्रीय बजट आमजन किसान और कामकाजी लोगों तथा महिलाओं के लिए लाभकारी क्यों है बजट से देश का विकास कैसे होगा इसको बताने के उद्देश्य से प्रभारी श्योपुर पहुंचे प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए सबसे पहले माता चीता आशा द्वारा पांच शावकों को जन्म देने की बधाई दी और कहा कि आगामी कुछ समय में ही कूनो में और चीते आयेंगे। उन्होंने कहा कि चीता प्रोजेक्ट की सफलता लगातार निगरानी और वैज्ञानिक प्रबंधन का ही नतीजा है कि कूनो में चीते सुरक्षित माहौल में प्रजनन कर रहे हैं। यह बात अब विश्व स्तर पर मानी जा रही है इसकी बानगी बोत्सना से आ रहे चीते हैं वहां की सरकार ओर वन्य जीव विशेषज्ञों ने कूनो को चीतों के लिए मुफीद स्थान माना है। प्रभारी मंत्री ने कूनो में चीतों के साथ टाइगर का दीदार पर्यटकों को होने की भी उपलब्धि बताते हुए कहा कि कूनो का वन न सिर्फ पर्यटकों को बल्कि वन्यजीवों को भी आकर्षित कर रहा है। कूनो में टाइगर की उपस्थिति इसका प्रमाण है।



### अब कूनो में 32 हुए चीते, 28 को हो जाएंगे 40

कूनो में पहले से 27 चीते मौजूद थे। नए शावकों के जन्म के बाद पार्क में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह संकेत है कि कूनो का पर्यावरण चीता जैसे संवेदनशील वन्यजीव के लिए पूरी तरह अनुकूल बन चुका है। ज्ञात हो कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीते आय थे कई चीतों की मौत के बाद आज कूनो में 32 चीते हो गए हैं जिनमें से अधिकतर यहीं जन्मे हैं। तीन चीते गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण में भेजे गए हैं। आगामी 28 फरवरी को बोत्सना से 8 ओर चीते आ रहे हैं जिससे अब कूनो में चीतों का कुनबा बढ़कर 40 हो जाएगा।

### दूसरी बार मां बनी है मादा चीता आशा

कूनो नेशनल पार्क में पांच शावको को जन्म देकर श्योपुर से लेकर भोपाल और दिल्ली तक खुशियां बिखरने वाली मादा आशा दूसरी बार मां बनी है। इसके पहले जनवरी 2024 में मां बनी थी,उसने 3 जनवरी 2024 को कूनो नेशनल पार्क में तीन शावको को जन्म दिया था। यहां बता दें कि मादा चीता आशा उन 8 नामीबियाई चीतों में से एक थी जिन्हें 17 सितंबर 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कूनो नेशनल पार्क में छोडा गया था।



### 28 को श्योपुर पहुंच सकते हैं अमित शाह!

28 फरवरी को देश के गृहमंत्री अमित शाह श्योपुर पहुंच सकते हैं। जहां वे बोत्सना से आ रहे आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में बने बाड़ों में छोड़ने के कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे। इसके संकेत शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते समय इशारों इशारों में दिए। प्रभारी मंत्री ने चीतों को कूनो में ही नहीं भारत में भी 70 साल बाद लौटने को उपलब्धि बताते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री जैसे बड़े नेता कूनो में आए थे वैसे ही अब एक और बड़े नेता कूनो में आने वाले हैं जहां वे बोत्सना से आ रहे चीतों को बाड़ों में छोड़ेंगे। हालांकि प्रभारी मंत्री ने आ रहे नेता का नाम नहीं बताया लेकिन जिस तरह उन्होंने "बड़े नेता" होने पर जोर दिया है उससे गृह मंत्री अमित शाह के आने का ही आशय निकाला जा रहा है।

### इनका कहना..

आशा और उसके द्वारा जन्मे सभी शावक स्वस्थ्य हैं। कूनों के डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है।

**आर थिरूकुरल**
**डीएफओ कूनो श्योपुर**

केंद्रीय बजट को लेकर प्रभारी मंत्री ने आयोजित की प्रेसवार्ता

# विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाने वाला है बजट: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित करने की सोच को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जो देश के चहुमुखी विकास में भागीदार बनेगा यह बात जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शनिवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बजट की उपलब्धियों को गिनाते हुए कही।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में प्रभारी मंत्री ने कहा कि दो दशक पहले जिनकी सरकार थी, आज उससे कई गुना अधिक बजट का आकार हो गया है। पहले विद्यालय खोले जाते थे वहीं अब युवाओं का कौशल विकास हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकार खर्च करने के बाद लेखानुदान लाया करती थी। एनडीए सरकार ने एक साल के खर्च के लिए पूर्णरूपेण बजट लाना शुरू किया। उसके पहले आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किए जाते हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सहित सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। कम समय में लोग एक जगह से दूसरी जगह आ-जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, उपाध्यक्ष नीरज जाट, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, महावीर सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, सुरेंद्र जाट आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जलाई बजट की प्रतियां, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



केंद्रीय बजट में लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक यूनियन (सीटू) के बैनर तले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए बजट की प्रतियां जलाई।

यूनियन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि नवीनतम केंद्रीय बजट में भेदभाव के विरोध में देश व्यापी प्रदर्शन के तहत श्योपुर में भी बजट की प्रतियां जलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस बजट से मानदेय के स्थान पर वेतन की उम्मीद थी और नियमित सरकारी कर्मचारियों के रूप में मान्यता देने की मांग को लेकर की जा रही मांग को पूरा होने की आस भी लगी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देश देने के बावजूद बजट में ना तो कार्य कर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया और ना ही मानदेय को वेतन के रूप में बदला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इन मांगों को उचित महत्व देने में विफल रही है और इसके बजाय श्रमिक-विरोधी श्रम संहिताएं लागू करने का प्रयास कर रही है, जिससे आंगनवाड़ी कर्मियों के अधिकारों का और हनन हो रहा है। यूनियन पूरे देश में इस भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

जागरुकता रथ के माध्यम से किया जाएगा जन जागरण

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत विजयपुर एवं वीरपुर क्षेत्र में 7 फरवरी से 7 मार्च तक वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं गरिमा की रक्षा के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ देशव्यापी एमओयू साइन किया गया है, जिसके क्रम में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में विजयपुर एवं वीरपुर क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए मूल्यनिष्ठ प्रदर्शनी, राजयोग, मेडिटेशन सत्र तथा मानसिक व आध्यात्मिक शांति के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

इसी क्रम में आज गांधी चौक विजयपुर से उक्त कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसमें थाना प्रभारी विजयपुर राजन सिंह गुर्जर एवं अभियान प्रभारी बीके शशि बहन द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। एक माह के इस जागरूकता अभियान में 15 दिन विजयपुर क्षेत्र के ग्रामों में तथा 15 दिन वीरपुर क्षेत्र के ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक व गरिमामय जीवन के लिए तथा परिवार व समाज में आदर की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर गांधी चौक से बस स्टैंड विजयपुर तक एक चल यात्रा निकाली गई तथा आम जनता तथा युवाओं में वृद्धजनों के सम्मान के लिए संकल्प व्यक्त करते हुए संदेश दिया। इसके बाद बांगरोद, तथा इटवाइ गांव में रथ यात्रा के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य किया गया।कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक बडी संख्या में मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर शनिवार को श्योपुर पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को भाजपा नगर मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल के द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 35 दिनों में श्योपुर जिले में 07 चोरी बड़ी घटनाएं हुई है,जिनमें से एक का भी खुलासा नहीं हुआ है चोरी की घटनाओं को चोरों द्वारा लगातार अंजाम दिया जा रहा है। जिससे पुलिस प्रशासन पर लगातार सवाल खडे हो गए है। आम जनमानस तो चोरों के निशाने पर है ही लेकिन चोरों द्वारा पुलिस लाइन में भी दस्तक देकर टीआई, एएसाई, दरोगा एवं पुलिस कर्मियों के घरों को भी निशाना बनाकर पुलिस को खुला चैलेंज दे डाला है। नगर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जब पुलिस वालों घर सुरक्षित नहीं तो आम जनमानस के घर कहां सुरक्षित रहेंगे। पुलिस की कार्रवाई बहुत ढीली है जो संदेह घेरे में है ऐसा लगता श्योपुर पुलिस प्रशासन की सेवाएं वेंटिलेटर पर पहुंच गई है। इसको लेकर उन्होंने प्रभारी मंत्री से तत्काल क्राईम बैठक लेकर पुलिस की व्यवस्था ठीक करने की मांग की है। साथ ही टास्क फोर्स गठित कर चोरों को पकड़ने का अभियान चलाए जाने की मांग की है।

श्रद्धापूर्वक मनाई गई सुब्बाराव की 97वीं जयंती

# चंबल घाटी को दस्यु मुक्त कराने वाले शांति दूत थे सुब्बाराव: कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




चम्बल घाटी शान्तिदूत, प्रसिद्ध गांधीवादी डॉ. एस. एन. सुब्बाराव का 97 वी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गांधी आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे चंबल घाटी के शांति दूत थे सैकड़ो बागियों का समर्पण कराकर उन्होंने यहाँ शांति का वातावरण बनाया। इससे पहले लोग यहां रहने ओर दिन में निकलने में भी डरते थे आदिवासियों ने तो डकैतों के डर से बड़ी संख्या में पलायन भी किया था। वरिष्ठ समाजसेवी जयसिंह जादौन ने बता कि सुब्बाराव जी की स्मृतियाँ, उनके संस्कार और उनका स्नेह आज भी जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन देते हैं। वे भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी शिक्षाएँ और उनका व्यक्तित्व सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।उन्होंने हमें सेवा, सादगी, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का जो मार्ग दिखाया,वही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। उनके हृदय में भारत माता का वास था। एकता परिषद के अध्यक्ष गंगाराम आदिवासी ने कहा कि उनकी बदौलत ही हम बंधुआ मजदूरी से मुक्त होकर सम्मान पूर्वक जीवन जी रहे है।

सुब्बाराव की जयंती पर श्योपुर में गायत्री शक्तिपीठ पर संचालित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल तथा वर्धा वुजूर्ग व सेमल्दा हवेली गांव सहित जिले के 50 गावो में भाईजी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में सन्तोवाई शैलेन्द्र पाराशर, राधावल्लभ जांगिड़ प्रभु प्रधान ब्रजनेश सिंह परिहार पुष्पेंद्र परिहार गन्ना आदिवासी टुलया आदिवासी जुगराज लोहारू रुपया गायत्री सेन योगेश बैरवा रामनरेश सेन महाबीर मीणा विवेक शर्मा सहित सेकड़ो महिला पुरूष बच्चों ने भाग लिया।

## जैदा में चोर एक घर से ताला तोड़कर समेट ले गए डेढ़ लाख का माल

**श्योपुर।** भले ही पुलिस कप्तान की ओर से चोरियों को रोकने के लिए एक स्पेशल टीम गठित कर दी है,लेकिन इसके बाद भी जिले में चोरी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही है। नजदीकी गांव जैदा में चोर दिन दहाडे एक घर से ताला तोडकर करीब डेढ लाख रूपए माल मशरूका समेट ले गए। ग्राम जैदा में धर्मकांटे के पास रहने वाले महावीर बैरवा ने उसके घर में हुई चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे घर पर जब पत्नी घर के पीछे नहाने चली गई,तभी कोई चोर मेरे घर के कमरे का ताला तोडकर चांदी की पायल,एक सोने की नथ,एक कमरबंद चांदी का चोरी कर ले गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

जिले में खंड स्तर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम, आज विजयपुर में होगी गोष्ठी

# पथ संचलन और हिंदू सम्मेलन के बाद अब प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित करेगा संघ परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों संघ परिवार के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहर समेत जिलेभर पथ संचलन और हिंदू सम्मेलनों का आयोजन करने के बाद अब संघ परिवार प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित करेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में 8 फरवरी रविवार को विजयपुर खण्ड मुख्यालय पर प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

दरअसल वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल पूरे हुए है। जिसके चलते शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है और शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलेभर में पथ संचलन और हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है। इसके बाद अब प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह प्रबुद्ध जन गोष्ठी खंड स्तर पर आयोजित की जाएगी। संकल्प संघ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार खंड स्तर पर आयोजित होने वाली यह गोष्ठिया 5 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। गोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र सेवा में आरएसएस की 100 वर्षों की यात्रा पर चर्चा करना और 'पंच परिवर्तन' के माध्यम से समाज में नई चेतना जागृत करना है। इसलिए गोष्ठी में सभी वर्गो के प्रबुद्ध नागरिको जैसे चिकित्सक, एडवोकेट, पत्रकार, सेवा निवृत्त अधिकारियों सहित अन्य श्रेणी के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।



### विजयपुर में आज होगी गोष्ठी, दीक्षित होगे मुख्य अतिथि

खंड केन्द्र मुख्यालय विजयपुर में 8 फरवरी रविवार को प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाली यह गोष्ठी ज्ञानदीप कॉलेज विजयपुर में आयोजित होगी। गोष्ठी की अध्यक्षता सेवा निवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी विजयपुर हरिशंकर गर्ग करेगे। जबकि आरोग्य भारती के संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में इस गोष्ठी में शामिल होगे।

### यहां आयोजित होगी गोष्ठियां

यह प्रबुद्धजन गोष्ठी न केवल श्योपुर जिला मुख्यालयर पर आयोजित की जाएगी,बल्कि खंड स्तर पर भी इनका आयोजन किया जाएगा। बताना होगा कि संघ ने जिस तरह श्योपुर जिले की रचना बना रखी है, उसमें श्योपुर जिले को एक नगर और छह खंडो में विभावित कर रखा है। श्योपुर शहर को नगरीय केन्द्र मना है। वहीं बडौदा, श्योपुर ग्रामीण, सोंईकलां, कराहल, वीरपुर, तथा विजयपुर को खंड केन्द्र मना गया है। इसलिए यह प्रबुद्धजन गोष्ठी श्योपुर शहर के साथही बडौदा, श्योपुर ग्रामीण, सोंईकलां, कराहल, वीरपुर, तथा विजयपुर में आयोजित की जाएगी। बताया गया है कि विजयपुर में आयोजित होने वाली गोष्ठी के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। वहीं अन्य खंड केन्द्रों पर आयोजित होने वाली गोष्ठियों के लिए तारीखे निर्धारित कर दी गई है। अब यह निर्धारण किया जा रहा है कि किस खंड की गोष्ठी में कौन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगा और कौन गोष्ठी की अध्यक्षता करेगा।

# चन्द्रसागर महादेव मंदिर में कलश स्थापना एवं शिलालेख अनावरण कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बड़ौदा स्थित ऐतिहासिक चन्द्र सागर महादेव मंदिर में 9 फरवरी सोमवार को प्रातः धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत दोपहर 12 बजे कलश पूजन एवं मंदिर के इतिहास से संबंधित शिलालेख का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन श्योपुर बड़ौदा रियासत के राजपरिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि चंद्रसागर महादेव मंदिर 18वीं शताब्दी में बड़ौदा के गौड़ राजवंश के राजा बिजय सिंह जी द्वारा निर्मित कराया गया था। समय के साथ यह प्राचीन मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुँच गया था, जिसे अब श्योपुर-बड़ौदा रियासत के राजा साहब पृथ्वीराज सिंह के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया है। मध्य सरोवर में स्थित यह मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं स्थापत्य दृष्टि से भी विशिष्ट महत्व रखता है। शिलालेख अनावरण के माध्यम से मंदिर के गौरवशाली इतिहास को स्थायी रूप से अभिलेखित किया गया है, जिससे भावी पीढ़ियाँ इस विरासत से परिचित हो सकें।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिव भक्तों की उपस्थिति अपेक्षित है। राजपरिवार की ओर से समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन को गरिमामय बनाने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रसल्ला में बैठक का आयोजन किया

**पिपरई।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रसल्ला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की ग्राम वासियों को जानकारी दी गई एवं गांव की साफ सफाई पेड़ पौधे पर्यावरण संबंधित आदि जानकारी ग्राम वासियों को दी गई तथा समिति के सदस्यों को आगे की कार्य योजना बताई गई आज की बैठक में जन परिषद अभियान से जिला अधिकारी बद्री प्रसाद चैहान नवाकुर संस्था श्री मां गौरी जन शिक्षा सेवा समिति सेमरी टंकी से प्रभारी रामबाबू यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रुसल्ला से समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समिति सचिव लाखन सिंह यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### महाविद्यालय में हार्टफुलनेस सस्था ने छात्र और छात्राओं को जानकारी प्रदान की



**अशोकनगर।** शुक्रवार को प्रधानमत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में हार्टफुलनेस संस्था के माध्यम से विद्यार्थीयों को तनाव मुक्ति और प्रबंधन प्रोग्राम के अंतर्गत साप्ताहिक मॉडल में शांति का महासागर विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि हृदय में अनंत शांति और एकाग्रता से भरा हुआ। महसूस करने के लिया ध्यान का सत्र आयोजित किया गया। मानव विकास के इतिहास में मानवीय चेतना का विस्तार जो उसे अन्य प्रजातियों से भिन्न करता हैं। वह है चिंतन के प्रति सजक होना जिसे ध्यान के माध्यम से ही पाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री नामदेव, अरविन्द कौशिक और विवेक ओझा द्वारा जिला समन्वयक महेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया गया ।

### महाविद्यालय में आनंद सभा के आयोजन में शामिल रहे विद्यार्थी



**अशोकनगर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में 'आनंद सभा' का आयोजन गायत्री नामदेव द्वारा कराया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों का एक 'आनंद सर्किल' बनाया गया। इसके अन्तर्गत डिजिटल जैसे मोबाईल, लेपटाप पर ज्यादा समय पर जुड़े रहने से मानसिक तनाव उत्पन्न होता है जिससे विद्यार्थी एकाग्रचित नहीं हो पाते हैं। इस कड़ी में विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया के गुण व अवगुणों से अवगत कराया गया। जिसमें यह बताया गया कि डिजिटल संसाधन मानव के उपयोग के लिये हैं, न कि मानव डिजिटल संसाधन के उपयोग के लिये है।

### ग्रामीणों ने अस्पताल चौराहे के साथ कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

# करंट से युवक की मौत के दूसरे दिन सड़क पर बैठे परिवारजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एक दिन पहले स्थानीय त्रिलोक पुरी कॉलोनी में करंट लगने से मानकचैक निवासी राजेश जाटव उम्र 35 साल की मौत हो गई थी। उक्त प्रकरण में मृतक के परिवारजनों और ग्रामीणों ने मामले में प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी और मृतक का पोस्टमार्टम मामला दर्ज किए जाने के बाद ही किए जाने की मांग की थी। शुक्रवार को परिवारजनों के साथ समाजजनों ने उक्त मामले में प्रकरण दर्ज किए जाने के बाद धाराओं में इजाफा किए जाने को लेकर अस्पताल चैराहा पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर कार्यालय में जाकर विरोध प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को सुबह से ही जिला अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान मृतक के ससुराल पक्ष का परिवार नाराज होते हुए अस्पताल के बाहर मृतक के परिवार जन के साथ नारेबाजी करते हुए बैठ गए। उनका कहना था कि मृतक के चार बच्चे हैं और परिवार में उनके भरण पोषण की व्यवस्था नहीं है ऐसे में इनका गुजारा कैसे हो सकेगा। जब अस्पताल चैराहे पर पुलिस का दबाव बढ़ता दिखा तो यह परिवार और समाज जन नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर जाकर बैठ गए। यहां भी मृतक परिवार के लोग न्याय की मांग करते नजर आए। यहां भी पुलिस द्वारा उन्हे समझाईस दी गई। प्रदर्शन करने वाले लोगों को वापिस अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में पोस्टमार्टम न कराने की मांग करते रहे। सामाजिक और पुलिस के दबाव में ससुराल पक्ष को समझाइस के बाद ही मृतक युवक का शव परीक्षण किया जा सका उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पुरानी रंजिश पर से मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिरियन के टपरा मोहल्ला वार्ड क्र 15 अशोकनगर निवासी विनोद शर्मा पुत्र रामरतन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोनू प्रजापति ने पुरानी रजिंस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर हाल निवासी दयालपुर अभिषेक यादव पुत्र मन्ना सिंह यादव को अनंतपुर अस्पताल के मोड़ पर बिजली का करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जुए के अड्डों पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत पुलिस ने मढ़नखिरिया की टगर के पास सुनील रघुवंशी के खेत पर ग्राम भेंसा में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए विवेक रघुवंशी, सीताराम शर्मा, पप्पू परिहार, सुनील साहू, मनीराम साहू, को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने उक्त लोगों से ताश की गडडी और 8430 रूपए जप्त किए हैं।

### बाल बालाजी मंडल का आयोजन

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों की आंखों का परीक्षण, ऑपरेशन के लिए किया जाएगा चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा




दिनारा समाज सेवा और जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए तपर्वी सम्राट सनमती आरोग्य धाम, सोनागिर के तत्वावधान दिनारा बाल बालाजी मण्डल ने दिनारा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 08 फरवरी 2026, रविवार को सीताराम कुटी, विनोद सेठ मिल के पास, मेन रोड दिनारा (म.प्र.) में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

इस शिविर में आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों की सटीक जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। मात्र 20 रुपये के पंजीयन शुल्क में क्षेत्र के नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना संस्था की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को दर्शाता है।

तपर्वी सम्राट सनमती आरोग्य धाम, सोनागिर द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्था का यह प्रयास न केवल लोगों की आंखों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

क्षेत्रवासियों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया है। इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर जांच एवं परामर्श का लाभ लेने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि संस्था की मुख्य शाखा सोनागिर में स्थित है*, जहां नियमित रूप से नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इस सेवा कार्य से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है और संस्था निरंतर जनसेवा के पथ पर अग्रसर है।

# कल आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अपनी मांगों के लिए करेगा विरोध, ज्ञापन देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर अशोकनगर जिला मुख्यालय में 8 फरवरी को धरना प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली ,नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कराना जैसी कई मांगें शामिल हैं।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादब ने बताया कि यह रैली 8 फरवरी 2026 को प्रत्येक जिले के साथ साथ अशोकनगर के युगल सरकार मंदिर एवं रघुवंशी धर्मशाला के बीच पड़े खाली मैदान से शुरू होगी। 11:30 बजे से इसी मैदान में धरना एवं सभा होगी जो 3 बजे तक चलेगी, इसके बाद सभा स्थल से बाईक रैली की शक्ल में रैली शुरू होगी जो शशीन्द्र राणा चैराहे से होते हुए, न्यू ओवर ब्रिज ,गांधी पार्क ,रसीला चैराहा ,तुलसी पार्क होते हुए पुनः गांधी पार्क, अंडर ब्रिज से अस्पताल चैराहा होते हुए तहसील प्रांगण तक रहेगी। इसके बाद सभी बाईक,फोर वीलर ,बसे तहसील प्रांगण में जमा की जावेगी तथा कलेक्टेट तक पैदल रैली निकाली जाएगी। जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने यह भी बताया कि इस रैली में करीब 2500 शिक्षकों के शामिल होने की सूचना अनुमति पत्र में शासन को दी है ,उन्होंने यह भी बताया कि यह रैली सभा भले ही आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले हो रही हो लेकिन इसमें सभी संघों के पदाधिकारी शामिल होगें मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा,कर्मचारी कांग्रेश के जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी एवं संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सभी को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ओर से आमंत्रित किया गया है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है,जिले के सभी ब्लॉक तहसील से ब्लॉक तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएँ इस रैली में शामिल होगें।

### पीआईसी बैठक में नगर विकास को मिली गति

# इस्तीफे की अटकलों के बाद स्वास्थ्य से पिछली बैठकों में नदारद रही उपाध्यक्ष भी रहीं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा



नगर परिषद की प्रिसीडेंट आफ काउंसिल (पीआईसी) बैठक में आज शहर के विकास से जुड़े सात महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर और मुख्य नगर अधिकारी शमशाद पठान ने बताया कि बैठक में सभी सात बिंदुओं पर सहमति बनी, जिससे शहर की बदहाल स्थिति सुधारने की उम्मीद जगी है।

बैठक में बस स्टैंड के निकट पोस्ट ऑफिस की भूमि पर दो बड़ी दुकानों के निर्माण को स्वीकृति दी गई, ताकि बस स्टैंड क्षेत्र को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। वार्ड 4 के विभिन्न निर्माण कार्यों को भी हरी झंडी मिल गई। एसडीएमएफ योजना के तहत नगर की तीन प्रमुख पुलियों के निर्माण का रहा। सदर बाजार पुलिया, बाबूदास बैरागी मार्ग पुलिया और खड़िया मोहल्ला मार्ग पुलिया पिछले तीन साल से स्वीकृत हैं, लेकिन अतिक्रमण के कारण काम रुका हुआ था। अब उपलब्ध जगह पर ही जल्द से जल्द निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे नगर की सुंदरता बढ़ेगी और जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी।

बैठक में सीएमओ शमशाद पठान, अध्यक्ष अशोक माहौर, उपाध्यक्ष संगीता अरविंद रघुवंशी, इंजीनियर आजाद जैन सहित



समिति सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिक अब इन फैसलों के क्रियान्वयन पर नजर रखे हुए हैं। सीएमओ ने बताया कि बैठक में 7 बिंदुओं पर चर्चा हुई और सभी 7 प्रस्तावों पर पीआईसी ने मोहर लगाकर नगर के विकास का रास्ता हल करने का प्रयास किया है।

देखना यह है कि परिषद कब और कैसे नगर के अवरुद्ध कार्य चालू कराकर नगर के बदहाल हालातों को पटरी पर लाने का प्रयास करेगी। या विकास का पहिया राजनीतिक सोच के साथ दुर्घटना ग्रस्त होकर नगर की तस्वीर को गांव जेसे हालातों की ओर धकेलेने में सफल होगा।

# कलेक्टर ने विभाग की बैठक में दिए जिम्मेदारों को काम

**अशोकनगर।** विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत विभागों को प्रदत्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिले के कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एपीसी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,एपीसी से संबंधित विभागों के जिला अधिकारी तथा ग्रामीण विकास से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एपीसी के एजेण्डा के तहत संबंधित विभागों द्वारा जानकारी अपडेट रखी जाए। कृषि एवं संबंधित क्षेत्र के लिए संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए प्रत्येक स्तर पर कृषि उत्पादन तथा योजनाओं के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रयास अधिकारियों द्वारा किये जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि रबी फसल की कटाई के उपरांत किसानों द्वारा नरवाई जलाई जाती है,नरवाई न जलाने हेतु किसानों को समझाईश दी जाए। साथ ही नरवाई प्रबंधन एवं नरवाई से होने वाले नुकसानों के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेतों की सिंचाई हेतु ड्रिप स्प्रिंकलर को बढ़ावा देने हेतु किसानों के अधिक से अधिक पंजीयन कराए जाएं। उन्होंने किसानों को उद्यानिकी फसलों के प्रति रूचि एवं बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। धनिया की फसल हेतु क्लस्टरों का चयन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में अधिक से अधिक लघु उद्योगों की स्थापना हो इस हेतु स्वरोजगार योजनाओं के तहत युवाओं को लाभान्वित किया जाए।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास(ग्रामीण), एक बगिया मां के नाम की जनपदवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने श्मशान घाट,शांतिधाम के निर्माण के संबंध में समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में गौशालाओं का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से हो। साथ ही गौशालाओं में सभी आवश्यक सुविधाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चयनित वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने, ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तानांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने तथा वित्तीय संस्थानों से जोडे जाने के संबंध में निर्देशित किया।

# श्रीमद भगवत कथा में रुक्मणी विवाह का प्रसंग हुआ, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



नगर के वार्ड नंबर 14 खोरीबरी में कृपाल सिंह यादव के यहां आयोजित संगीत मय श्रीमद भागवत कथा के 6वें दिवस में रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में सुबह श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का रसपान किया।

कथावाचक ओम प्रकाश शास्त्री द्वारा रुक्मणी की श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति, प्रेम और समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि रुक्मणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना सर्वस्व मानकर उन्हें पति रूप में स्वीकार करने का संकल्प लिया था। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणी हरण एवं विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल को आकर्षक फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी लाइटों एवं धार्मिक सजावट से सजाया गया था। रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। कथा समापन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, आस्था एवं एकता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का विशेष सहयोग रहा।

# महाशिवरात्रि तक होगा 108 शिवलिंगों का निर्माण, विशाल कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





स्थानीय यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशनलाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया गया। शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह का कार्यक्रम जिसके उपलक्ष में एक कलश यात्रा निकाली गई। प्रतिदिन प्रति श्रद्धालु मिट्टी के के 108 पार्थिव शिवलिंग बनाकर पांच उपचार से पूजन होगी और प्रतिदिन महा आरती की जावेगी, यह कार्यक्रम दिनांक 7 फरवरी से 15 फरवरी 2026 महा शिवरात्रि तक चलेगा।

सभी श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर भाग लिया। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि हर वर्ष की तरह हिंदू रीति से भगवान शिव शंकर का विवाह किया जा रहा है जिसमें वर पक्ष से श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर के पुजारी किशन लाल मिश्रा एवं सभी शिव भक्त तथा वधू पक्ष से भूतपूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी मीडिया प्रभारी रहेंगे। उनके यहां भी पार्वती माता का स्वरूप विराजित करके सभी हिंदू धर्म लोक रीति से कार्यक्रम प्रतिदिन किए जावेंगे। जैसे देव निमंत्रण चंदन पीत पत्रिका टीका फल दान चक्की धराई मटियाना मांगर गणेश पूजन मंडप एवं बरात आगमन का कार्यक्रम रहेगा। इसी तरह से यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महाकाल मंदिर से सभी कार्यक्रम रहेंगे। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ सभी देवों को पीले चावल श्रीफल दिए। युगल सरकार मंदिर एवं युगल सरकार मंदिर के महादेव भोले बाबा तथा काली माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ पूजन किया।

### भगवान को ज्ञान की प्राप्ति के बाद आहारचर्या हुई संपन्न

# मोक्ष की प्राप्ति के बाद गजरथ फेरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर धर्म नगरी कचनार ग्राम पंचायत मुख्यालय में पंच कल्याणक महोत्सव में भगवान को ज्ञान कल्याणक की प्राप्ति के बाद आहारचर्या का सुन्दर दृश्य दिखाया गया। आज भगवान को मोक्ष की प्राप्ति होने के पश्चात गजरथ महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल होगें। इस महोत्सव से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है यह समस्त आयोजन मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के द्वारा समस्त क्रियाएं कराई जा रही हैं।

कचनार एक प्राचीन गांव है यहां भगवान पाश्र्वनाथ की चर्तुमुखी आकर्षक प्रतिमा विराजमान है। भले ही इस गांव में जैन परिवारों की संख्या कम हो लेकिन इस ग्राम में पंच कल्याणक जैसा महोत्सव होना किसी बड़ी बात से कम नही हैं। यहां के मंदिर को नया रूप दिया गया है, कचनार जैन समाज की ओर से अरबिंद जैन ने बताया कि समाज जनों की भावना थी कि मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन हो। इसी भावना के अनुरूप यह महोत्सव का आयोजन पिछली 1 फरवरी से चल रहा है 7 फरवरी को इस आयोजन का अंतिम दिन है। भगवान को मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति के बाद गजरथ फेरी का आयोजन किया गया है जो पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी की 7 परिक्रमा पूरी करेगी। इस आयोजन में अशोकनगर,गुना,आरोन, शिवपुरी और अन्य स्थानों से भी श्रद्धालुन जन पहुंचेगे। यहां अनेक प्रतिमाएं प्रतिष्ठा के लिए लाई गई हैं। इन सभी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होने के बाद उन्हें मंदिरों में भक्ति भाव से प्रतिष्ठा के लिए ले जाया जाएगा।

कचनार में पंच कल्याणक महोत्सव में शुक्रवार को दिखाया गया कि भगवान ऋषभदेव का 6 माह तक पड़गाहन विधि न मिलने पर वह निराहार रहे, उन्होंने कई राज्यों का भ्रमण किया लेकिन कहीं भी विधि नहीं मिली। छः माह बाद राजा श्रेयांश व राजा सोम के यहां विधि मिली और इच्छु रस का आहार हुआ। मुनि श्री दुर्लभ सागर ने बताया कि अंतराय कर्म के उदय के कारण कोई पुण्य आत्मा जीव उन्हें पड़गाहन के लिए नहीं मिला। इसलिए कहा गया है कि मुनिराज हो या न हो लेकिन बच्चों को पड़गाहन विधि सिखाकर जाना चाहिए। राजा श्रेयांश के पुण्य के योग से ही भगवान 6 महीने के प्रतिमा योग धारण करने के बाद कैलाश पर्वत से नीचे उतर रहे हैं और अयोध्या की ओर जा रहे है।